9 Ambikapur-pg 1-0-new_Layout 1 4/9/2026 10:41 PM Page 1

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 धनुहर नाले में पलटा ट्रेलर, आवागमन ठप



## सीएम ने किया 254 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास, 28 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन

# प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री की दृढ़ इच्छाशक्ति से छत्तीसगढ़ हुआ नक्सल मुक्त



हितग्राहियों को आवास की चाबी व सामग्री देते मुख्यमंत्री व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बस्तर में 40 वर्षों से नक्सलियों के दहशत के साए में हमारे आदिवासी भाई-बहन जीवन गुजार रहे थे ले कि न प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह तथा जवानों की दृढ़ इच्छाशक्ति की बदौलत 31 मार्च को पूरे प्रदेश खासकर बस्तर नक्सल मुक्त हो गया है। उक्त बातें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विकासखण्ड मुख्यालय लुण्ड्रा में आयोजित किसान सम्मेलन में कही।

**खास बात**

- जशपुर को बनारस से जोड़ने की घोषणा

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में पीएम जनमन के तहत 32 हजार आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई है वहीं धरती ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 6600 गांवों में निवासरत जनजातीय समाज के लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए विकास कार्य कराए जा रहे है। पीएम जनमन के तहत विशेष पिछड़ी जनजातियों के स्वास्थ्य सुधार हेतु 57 एम्बुलेंस के साथ डॉक्टर एवं स्टाफ की सुविधा दी जा रही है। प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत अब तक 26वीं किश्त का भुगतान दिया जा चुका है। महतारी वंदन योजना से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हुई है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत भारत सरकार से अनेक नई सड़कों की स्वीकृति मिली है। उन्होंने कहा कि आदिवासी अंचल में हरा सोना के नाम से विख्यात तेंदूपत्ता की प्रति मानक बोरी 4 हजार रूपए से बढ़ाकर 5500 रूपए का पारिश्रमिक दिया जा रहा है साथ ही चरण पादुका भी दिए जा रहे हैं जिससे 12 लाख से अधिक परिवार लाभान्वित हो रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत 12-13 वर्षों के बाद बतौर मुख्यमंत्री लुंड्रा आया हूं। लुंड्रा अंचल से आत्मीय संबंध रहा है। शादी के बाद उनके ससुर इसी क्षेत्र में पदस्थ होने की वजह से यहां आना-जाना होता था।

### जशपुर को बनारस से जोड़ने की घोषणा

मुख्यमंत्री ने सांसद चिंतामणि महाराज तथा विधायक प्रबोध मिंज की मांग लुण्ड्रा में स्टेडियम निर्माण, सन्ना-जशपुर-धौरपुर-सरगुजा मार्ग को बनारस तक जोड़ने एवं लुण्ड्रा में कृषि उप मंडी तथा विश्राम भवन निर्माण करने की घोषणा की। कृषक सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने 284 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 28 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

### पं.रविशंकर त्रिपाठी व चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा का किया गया अनावरण





अपने प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर में लोनिवि कार्यालय के पास भटगांव के पूर्व विधायक रविशंकर त्रिपाठी एवं आकाशवाणी चौक पर अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक स्व.त्रिपाठी को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा कहा कि वे हमारे प्रेरणास्त्रोत थे, उन्होंने भाजपा संगठन के कई पदों को सुशोभित किया यह सिर्फ मूर्ति नहीं है बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी उनकी जिंदादिली और उनकी कर्मठता को याद दिलाते रहेगी। उन्होंने अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा का भी अनावरण किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद का जीवन साहस, त्याग और देशभक्ति की अद्भुत मिसाल है। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देकर आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा की प्रेरणा दी है। उनके आदर्श आज भी युवाओं को देश के प्रति समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देते हैं। इस दौरान कृषि मंत्री रामविचार नेताम, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चन्देल, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, संभागायुक्त नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक झा, कलेक्टर अजीत वसंत, एसपी राजेश अग्रवाल स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### दलहन-तिलहन व सब्जी की करें खेती

सम्मेलन में कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि आज पूरी दुनिया पानी की किल्लत से जूझ रही है। पानी जिंदगानी है। ऐसे में किसानों को धान की बजाय दलहन, तिलहन सब्जी एवं फल-फूल की खेती करनी चाहिए, ताकि पानी की समस्या कम हो और अन्य फसलों का उत्पादन भी बढ़ सके। उन्होंने कहा कि शासन की ओर से किसानों को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है इसलिए उन्हें नई एवं आधुनिक खेती की तकनीकों को अपनाना चाहिए। विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि लुण्ड्रा विकासखंड आधुनिक खेती के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। यहां के किसानों ने न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि उत्तरप्रदेश, झारखण्ड, मध्यप्रदेश और पश्चिम बंगाल तक अपनी सब्जियों की पहुंच बनाई है, जिससे किसानों को अच्छा आर्थिक लाभ मिल रहा है।

## खबर संक्षेप

### माशिमं अंतर्गत हायर सेकेण्डरी के हिंदी विषय की परीक्षा आज

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर के निर्देशानुसार माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2026 के अंतर्गत विषय हिन्दी की परीक्षा 10 अप्रैल को संपन्न कराई जाएगी। जिले में उक्त परीक्षा के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर राजेन्द्र कटारा द्वारा उप पुलिस अधीक्षक प्रमोद किस्पोट्टा, को पुलिस नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

### सेजेस अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन आज से

**बलरामपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलरामपुर में शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए विद्यार्थियों की ऑनलाइन प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। कक्षा 1ली से 12वीं तक के विद्यार्थी सीजी स्कूल डॉट इन के माध्यम से 10 अप्रैल से 5 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। संस्था में वर्तमान में कक्षा 1 ली के 50 सीट, कक्षा 2 री में 21 सीट, कक्षा 3 री में 17 सीट, कक्षा 4 थी में 10 सीट, कक्षा 5 वीं में 8 सीट, कक्षा 6 वीं में 5 सीट, कक्षा 7 वीं में 5 सीट, कक्षा 8 वीं में 5 सीट, कक्षा 9 वीं में 3 सीट, कक्षा 10वीं में 4 सीट, कक्षा 11वीं में जीव विज्ञान, गणित, वाणिज्य संकाय के 50-50 सीटों के लिए आवेदन मंगाए गए हैं। कक्षा 10वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए पहले प्राथमिकता दी जाएगी।

### जीवनदीप समिति के कार्यकारिणी समिति की बैठक आज

**बलरामपुर।** जिला चिकित्सालय जीवनदीप समिति की कार्यकारिणी सभा की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में 10 अप्रैल को प्रातः 11 बजे जिला चिकित्सालय बलरामपुर के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में संबंधित सदस्यों को समय पर उपस्थित होने को कहा गया है।

### गन्ने के खेत में गिरे किशोर की मौत

**अंबिकापुर।** मवेशी को पानी पिलाने नदी किनारे गए किशोर की गन्ने के खेत में गिरने से संदिग्ध रूप से मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया है। बताया जा रहा है कि बतौली देवरी निवासी 16 वर्षीय समीर तिग्गा आ. सुलेमान तिग्गा को बचपन से ही पेट में दर्द की समस्या थी और गांव में ही उसका उपचार कराय जाता था। 8 अप्रैल को किशोर गांव के समीप नदी किनारे मवेशियों को पानी पिनाले गया हुआ था। इस दौरान वह गन्ने के खेत में बेहोश होकर गिर गया। परिजन द्वारा युवक को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भरत कराया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

# कृषि को नया आयाम देने फसल प्रदर्शनी व किसान महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में उन्नत कृषि को लेकर नित नए नवाचार किए जा रहे है। इन नवाचारों से आने वाले समय में किसानों की फसलों में भारी मुनाफा होने की उम्मीद है।

- 24 राज्यों के किसान बनेगे प्रतिभागी

कृषि में किए गए नवाचारों को लेकर प्रगतिशील कृषक ताराचंद गुप्ता द्वारा संकल्प 2026 के माध्यम से कृषि नवाचार का नया आयाम पर कार्यशाला, प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्सन में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान कृषक ताराचंद गुप्ता ने कृषि क्षेत्र में नवाचार और किसान सशक्तिकरण के लिए वर्ष 2005 में प्रारंभ हुए मंच संकल्प की भूमिका पर प्रकाश डाला। यह चर्चा उन्नत कृषि, उद्यानिकी में अग्रणी करजी फार्म, फसल प्रदर्शन एवं किसान महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान हुई, जिसका आयोजन सरगवां में 10, 11 एवं 12 अप्रैल को किया गया है। उन्होंने बताया कि संकल्प 2026 तक एक सशक्त मंच के रूप में विकसित हो चुका है, जिसने कृषि नवाचार, तकनीक और किसान सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय योगदान दिया है। यह मंच न केवल किसानों को नई दिशा प्रदान कर रहा है, बल्कि देश की कृषि व्यवस्था को भी मजबूत बना रहा है। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य कृषि को लाभकारी बनाना, छोटे और सीमांत किसानों को खेती के प्रति जागरूक कर उनकी आय बढ़ाना है। साथ ही, आधुनिक कृषि तकनीक का प्रसार और नवीनतम नवाचारों को आदिवासी अंचल के गांव-गांव तक पहुंचाना भी इसका लक्ष्य है। इस दौरान राकेश गुप्ता, संजय गुप्ता, वितिष गुप्ता, मानसून गुप्ता, ऋषि गुप्ता, मनीष गुप्ता सहित काफी संख्या में किसानों की उपस्थिति रही।



पत्रकारों को जानकारी देते कृषक।

### 24 राज्यों के किसानों ने कराया पंजीयन

इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के लिए 23,500 से अधिक किसानों का पंजीयन हुआ था। 10 से 12 अप्रैल तक चलने वाले इस आयोजन में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 24 राज्यों और नेपाल के किसानों सहित कुल 26 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। संकल्प 2026 का अंतिम उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर, जागरूक एवं सशक्त बनाना है। हमारा लक्ष्य छोटे रकबे वाले एवं सीमांत किसानों को खेती के प्रति जागरूक कर उनकी आय बढ़ाने पर विशेष जोर देना, नवीनतम कृषि तकनीक एवं नवाचारों को आदिवासी अंचल के गांव-गांव तक पहुंचाना है। इसके साथ ही किसानों को प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से कृषि कार्यों के प्रति प्रेरित करना है। लगभग 15 एकड़ क्षेत्र में विस्तृत प्रदर्शनी में 110 से वेरायटी का लाइव डेमो का आयोजन किया गया।

# अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक की मौत, 1 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अलग-अलग दुर्घटनाओं में तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई वहीं एक तेज रफ्तार कार के सड़क किनारे पेड़ से टकराने के कारण एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं कार में सवार तीन अन्य लोग चोटिल हो गए।

पहली दुर्घटना कल्याणपुर मार्ग स्थित चंदनबाड़ी के निकट घटित हुई। बताया जा रहा है कि बिश्रामपुर से चार व्यक्ति बरियों पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम डकवा अपने रिश्तेदार के घर आए थे तथा गुरूवार को शाम नई बिना नम्बर की कार से वापस घर लौट रहे थे। तेज रफ्तार कार जैसे ही कल्याणपुर मार्ग स्थित चंदनबाड़ी के पास पहुंची अनियंत्रित होकर सड़क किनारे के पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई वहीं आगे की सीट पर बैठा सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि अन्य तीन सवारों को भी चोटें आई है। घायलों को तत्काल बरियों स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार उपरांत गंभीर रूप से घायल सवार को तत्काल अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया जबकि अन्य घायलों का उपचार स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। दूसरी घटना शंकरगढ़ की है जहां रात्रि 9 बजे अमृत पैकरा पिता भक्तु पैकरा (20वर्ष) बाइक क्रमांक सीजी 30 डी 9819 से बस्ती की ओर निकला था। इस दौरान चिरई बस्ती के पास विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रहे पिकअप क्रमांक सीजी 15 एफ 3198 ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक पिकअप छोड़कर फरार हो गया। मृतक का शव देर तक सड़क पर ही पड़ा रहा। यात्रियों ने घटना की सूचना दी तो पुलिस घटनास्थल पर पहुंची एवं शव को पीएम के लिए भेजा।



# विद्युत ठेकेदार संघ ने मुख्य अभियंता को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बुधवार को सरगुजा विद्युत ठेकेदार संघ ने मुख्य अभियंता से मुलाकत की। इस दौरान पंजीकृत ठेकेदारों ने कार्य के दौरान आने वालों समस्याओं को लेकर छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित के मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि वर्तमान व्यवस्था के कारण कार्य निष्पादन प्रभावित हो रहा है, जिससे न केवल ठेकेदारों की आजीविका पर असर पड़ रहा है, बल्कि उनसे जुड़े श्रमिकों के रोजगार पर भी संकट उत्पन्न हो गया है।

वर्तमान में नए सेवा कनेक्शन, विस्तार एवं स्थानांतरण के कार्यों को 21 लाख रूपए की उच्च राशि वाले टेंडर में शामिल किया जा रहा है। इससे छोटे एवं मध्यम श्रेणी के ठेकेदारों के लिए कार्य प्राप्त करना कठिन हो गया है। इसके अलावा, पूर्व में कृषि पंप संबंधी निविदाएं कार्यपालन अभियंता (परियोजना) एवं अधीक्षण अभियंता स्तर पर जारी की जाती थीं, जिससे स्थानीय ठेकेदारों को अवसर मिलता था और कार्य समय पर पूर्ण होते थे, लेकिन वर्तमान व्यवस्था में यह प्रक्रिया सीमित हो गई है। ठेकेदारों ने यह भी बताया कि नवीन आदेश के तहत 5 लाख एवं 20 लाख रूपए की सीमा निर्धारित किए जाने से पंजीकृत ठेकेदारों के कार्यक्षेत्र में कमी आई है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि अधीक्षण अभियंता (परियोजना) का कार्यालय क्षेत्रीय स्तर पर स्थापित किया जाए, क्योंकि वर्तमान में सीमित स्थानों पर ही कार्यालय होने से कार्य संचालन एवं समन्वय में बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। संघ का कहना है कि 21 लाख रूपए की निविदाओं को छोटे-छोटे पैकेजों में विभाजित किया जाए, विशेषकर सरगुजा जैसे पिछड़े क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए। साथ ही, वैश्विक पैकेज निविदा प्रणाली को समाप्त कर स्थानीय के लिए स्थानीय के सिद्धांत के आधार पर स्थानीय ठेकेदारों को प्राथमिकता दी जाए। इसके अतिरिक्त अंबिकापुर क्षेत्र में अधीक्षण अभियंता (परियोजना) का पृथक कार्यालय स्थापित करने की भी मांग की गई है। इस दौरान संघ के संरक्षक विजय सोनी, संजीव मंदिलवार, रवि खरे, पीएन गुप्ता, सूर्यनाथ तिवारी, रामू सोनी, अभय सिंह, विनय शुक्ला, निमेश सोनी, रोहित सोनी, अमन पांडे, विकास जायसवाल, हिमांशु सिंह, अभय सोनी, मोनू पांडे, राहुल सहित ठेकेदार संघ के अन्य सदस्य मौजूद थे।



## भारी मात्रा में दस्तावेज बरामद, पटवारी व तस्कर समेत पांच पहले जा चुके है जेल

# यूपी से धान लाकर प्रदेश की समितियों में खपाने वाला तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सनावल पुलिस ने यूपी का धान खपाने के मामले में चल रही कार्रवाई के तहत एक और तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की जबकि इस मामले में पटवारी, मंडी ऑपरेटर समेत पांच लोग पूर्व में गिरफ्तार हो चुके है और भारी संख्या में फर्जी दस्तावेज, किसानों के पासबुक समेत अन्य दस्तावेज बरामद हुए थे। बता दें कि अवैध धान की खपत के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान 26 दिसम्बर 2025 को पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने पिकअप क्रमांक यूपी 64 सीटी 4218 को रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा।



टीम ने वाहन का पीछा कर चालक को पकड़ा गया तो चालक ने कुर्लूडीह निवासी श्याम सुन्दर के घर में अवैध धान अनलोक करने की बात की। पुलिस व राजस्व की टीम ने जब कुर्लूडीह निवासी श्याम सुन्दर गुप्ता के घर की तलाशी ली तो धान के साथ ही किसानो का अत्यधिक मात्रा में अवैध दस्तावेज बरामद हुआ था। सनावल पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि आरोपी श्याम सुन्दर गुप्ता यूपी से कम कीमत में धान लेकर आता है और छत्तीसगढ़ की समितियों में अधिकारियों से सांठ गांठ कर खपाता है।

आरोपी श्याम सुन्दर गुप्ता किसानों के ऋण पुस्तिका, बैंक खाता, चेक बुक आदि महत्वपूर्ण दस्तावेजो को अपने कब्जे में रखकर इस पूरे रैकेट को संचालित कर रहा था और शासन को भी करोडो का नुकसान पहुंचा रहा था। जांच में इस बात की पुष्टि हुई की आरोपी के साथ शिवम गुप्ता, मंडी ऑपरेटर राजेश कुमार सिंह व पटवारी संजय सोनी भी शामिल थे। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसके साथ ही श्याम सुन्दर गुप्ता के वाट्स एप मैसेज की जांच करने पर अमित कुमार गुप्ता के साथ मिलकर इस कारोबार को अंजाम देने की पुष्टि हुई। घटना के बाद यूपी से धान लाने वाला अमित कुमार गुप्ता फरार चल रहा था। 8 अप्रैल को पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के बाद आमित गुप्ता को ग्राम मिनवाखाण्ड के पास घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया गया लेकिन आरोपी पुलिस को देखते ही बाइक से भागने लगा। पुलिस ने आरोपी डिंडो सलवाही निवासी 35 वर्षीय अमित कुमार गुप्ता आ. राजवंशी प्रसाद गुप्ता को बीएनएस की धारा 318 (4), 61 (2) व आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3,7 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से पुलिस ने सहकारी बैंक का चेक बुक 11 नग, विड्राल पर्ची 8 नग, तथा खाली पर्ची 15 नग, एटीएम कार्ड बंद लिफाफा 02 नग, एचडीएफसी बैंक का चेक बुक 4 नग, जिला सहकारी बैंक का चेकबुक 04 नग, सामान्य हिसाब किताब पर्ची 3 नग, एक नग मोबाईल, एक मोटरसायकल जब्त किया है।

WE ARE HIRING

Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City

We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क मेगा शिविर का आयोजन आज

**अनूपपुर।** विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर 10 अप्रैल को शासकीय होम्योपैथी औषधालय द्वारा विशाल निःशुल्क मेगा होम्योपैथी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर औषधालय के नवनिर्मित भवन में स्थानांतरण का शुभारंभ कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन 10 अप्रैल को प्रातः 10 बजे शासकीय होम्योपैथी औषधालय शांति देवी मेमोरियल स्कूल के सामने कोतमा तिराहा जिला मुख्यालय में किया जाएगा।

### जल स्त्रोतों की श्रमदान से की जा रही सफाई

**अनूपपुर।** जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिपं की सीईओ श्रीमती अर्चना कुमारी के दिशा-निर्देशन में जिले में जल स्त्रोतों के साफ-सफाई का कार्य जन सहयोग श्रमदान के माध्यम से बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। जिले के जपं अनूपपुर, कोतमा, जैतहरी एवं पुष्पराजगढ़ में ग्राम पंचायत तथा स्वयंसेवी संगठनों के माध्यम से नागरिकों को प्रेरित कर स्वच्छता का कार्य श्रमदान के माध्यम से कर जल संरक्षण संवर्धन की संरचनाओं को वर्षा के पूर्व साफ सुथरा किए जाने का कार्य अभियान अंतर्गत किया जा रहा है।

### क्रिकेट चैम्पियनशिप के लिए युवराज का चयन

**बैकुण्ठपुर।** नेशनल 50 बॉल्स क्रिकेट एसोसिएशन छग द्वारा 8 अप्रैल को रॉयल इंडियन क्रिकेट एकेडमी, गढ़ी पेंड्रा में नेशनल चैम्पियनशिप के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। इस ट्रायल में कोरिया जिले के होनहार खिलाड़ी युवराज सिंह कमरो का चयन अंडर-15 वर्ग में ऑलराउंडर के रूप में हुआ है। युवराज सिंह कमरो शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमगहना में पदस्थ व्याख्याता एवं कोया पुनेम गोंडवाना महासभा इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज सिंह कमरो के सुपुत्र हैं।

### कोयला मजदूर सभा में नई टीम का गठन

**बैकुण्ठपुर।** कोयला मजदूर सभा एचएमएस द्वारा संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों में केदारनाथ अग्रवाल, योगेन्द्र मिश्रा, अक्षय तिवारी एवं अरूण कुमार झा को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई है। संगठन के महामंत्री नाथूलाल पाण्डेय ने कहा कि वे श्रमिकों के हितों की रक्षा, उनकी समस्याओं के समाधान एवं संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करेंगे। साथ ही संगठन के अध्यक्ष बजरंगी शाही ने भी सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों के सफल कार्यकाल की कामना की और विश्वास जताया कि वे संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### हादसों को रोकने नई पुलिया का हो रहा निर्माण

# धनुहर नाले में पलटा ट्रेलर, आवागमन ठप


दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

गुरूवार की सुबह कोयले से भरी एक ट्रेलर धनुहर नाले में अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में कोयले से भरे ट्रेलर का सामने का हिस्सा पुलिया पर लटकता रहा, इसके चलते कुछ घंटे तक इस मार्ग पर आवागमन बाधित रहा।

मिली जानकारी के अनुसार कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से बिलासपुर मार्ग पर करीब 10 किमी की दूरी पर मनसुख ग्राम के शुरूआत में धनुहर नाला में बने संकरे पुलिया पर 9 अप्रैल की सुबह कोयले से भरी ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीआर 7056 बैकुंठपुर की ओर आ रहा था कि सुबह करीब 6 बजे पुलिया पार करने के बाद अचानक मोड एवं चढ़ाई पर लोडेड ट्रेलर बेक होने लगा और अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे चला गया। इस दौरान ड्राईवर के केबिन का हिस्सा वाला भाग पुलिया में अटक गया। इस तरह ट्रेलर का पिछला हिस्सा पुलिया के नीचे चले जाने के कारण कोयला भी गिरकर बिखर गया। इस घटना में वाहन में चालक व क्लीनर सुरक्षित बच गए। इस घटना पश्चात वाहन के सामने का हिस्सा पुलिया के उपरी हिस्से में लटकता रहा, इसके चलते संकरी पुलिया में आवागमन बाधित हो गई। दोनों ओर वाहनों की कतार लगने लगी। घटना की सूचना पुलिस को मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को सुरक्षित निकालने में जुट गई। इसके बाद सड़क सुरक्षित हुआ, इसके बाद दोनो ओर से आवागमन फिर से शुरू हो गया।

#### दर्जनों दुर्घटनाएं घटित हो चुकी अब तक

बैकुंठपुर से बिलासपुर मार्ग पर ग्राम मनसुख के निकट धनुहर नाला लोडेड वाहनों के आवागमन के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। अब तक इस नाले में दर्जनों लोडेड वाहन दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। जिनमें ज्यादातर दुर्घटनाओं में चालक सुरक्षित बच निकले हैं, कुछ ही मामले में वाहन चालक एवं सवारों को चोटे आई क्योंकि ज्यादातर दुर्घटना लोडेड वाहन के पुलिया पार करने के बाद अचानक मोड एवं चढ़ाई होने के कारण वाहन के बेक होने से घटित हुई।

#### उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य जारी

बिलासपुर मार्ग पर ग्राम मनसुख में स्थित धनुहर नाले में प्रतिवर्ष कई दुर्घटनाओं को देखते हुए उक्त स्थल पर करोड़ों की लागत से उच्च स्तरीय पुल निर्माण की स्वीकृति मिली। इसके बाद धनुहर नाले में बड़ा पुल निर्माण कार्य शुरू हो गया। यदि निर्धारित समय में पुल निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाता है तो यह मार्ग इस जगह आवागमन में लिए सुरक्षित हो जाएगा।

# 14 टैंकरों से सप्लाई, प्रशासन चक्काजाम के बाद अलर्ट

**डोमनहिल।** गोदरीपारा क्षेत्र में पेयजल संकट को लेकर हुए चक्का जाम के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। अब क्षेत्र में राहत और स्थायी समाधान की दिशा में तेजी से काम शुरू कर दिया गया है।

नगर पालिक निगम चिरमिरी ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि प्रभावित इलाकों में 14 टैंकरों के माध्यम से नियमित पानी सप्लाई की जा रही है। निगम के अनुसार अमृत मिशन 2.0 के तहत घर-घर नल कनेक्शन देने का कार्य तेजी से चल रहा है। इसके साथ ही पाइपलाइन विस्तार और जल आपूर्ति प्रणाली को मजबूत करने के प्रयास जारी हैं। 15 वें वित्त आयोग की राशि से गोदरीपारा, डोमनहिल और बरतुंगा क्षेत्रों में पाइपलाइन विस्तार किया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 26, 27, 30, 31, 32, 33, 34 और 35 में करीब 100 मीटर नई पाइपलाइन जोड़कर बड़ाबाजार पानी टंकी से कनेक्शन दिया गया है, जिससे एसईसीएल कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों में जल आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। निगम ने बताया कि जल स्तर में गिरावट और प्रेशर कम होने के कारण अस्थायी समस्या बनी थी। ऐसे में नगर निगम और एसईसीएल प्रबंधन के समन्वय से 14 टैंकरों के जरिए नियमित जलापूर्ति की जा रही है, ताकि लोगों को परेशानी न हो। जन जागरण संघर्ष समिति की मांगों पर संज्ञान लेते हुए निगम ने आश्वासन दिया है कि 15 दिनों के भीतर पाइपलाइन कनेक्शन का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। साथ ही सप्ताह में कम से कम दो दिन नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। दीर्घकालिक समाधान के तहत अमृत मिशन 2.0 के अंतर्गत 16 नई पानी टंकियों के निर्माण के लिए स्थान चिन्हित कर लिए गए हैं। योजना पूरी होने के बाद हर घर तक नियमित और सुचारू जल आपूर्ति संभव हो सकेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जहां भी अस्थायी जल संकट उत्पन्न होगा, वहां तत्काल टैंकरों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए नगर निगम और एसईसीएल के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है।



हरिभूमि में प्रकाशित खबर ।

# पीवीटीजी सर्वे को मिली रफ्तार

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में विशेष पिछड़ी जनजातियों के सटीक सर्वेक्षण को लेकर प्रशासन ने पहल तेज कर दी है। इसी क्रम में जनपद पंचायत के सभा कक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मैदानी अमले को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित किया गया।

प्रशिक्षण की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री वैशाली सिंह ने की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी काफी संख्या में शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान पीवीटीजी सर्वे ऐप के माध्यम से सर्वे की पूरी प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य सर्वे प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना रहा, ताकि विशेष पिछड़ी जनजातियों के प्रत्येक परिवार की सटीक जानकारी एकत्रित की जा सके और उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से मिल सके। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को ऐप संचालन, डेटा एंट्री, तकनीकी समस्याओं के समाधान और रिपोर्टिंग प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही सर्वे के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर भी विशेष जोर दिया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री वैशाली सिंह ने कहा कि पीवीटीजी सर्वे शासन की प्राथमिकता वाला महत्वपूर्ण अभियान है।




### सड़क नवीनीकरण पर हो रही गुणवत्ताहीन कार्य

**कोरबा।** ग्राम पंचायत रजगामार में पीएमजेएसवाई के तहत इन दिनों रोड नवीनीकरण का कार्य चल रहा है जो कि रजगामार के ज्ञानदीप स्कूल से लेकर रजगामार बस्ती मार्ग है। इस कार्य से ग्रामीण नाराज हैं सड़क नवीनीकरण में जहां रोलर मशीन का उपयोग होना है वहां बिना रोलर मशीन के ही कार्य को पूर्ण किया जा रहा है। जन चिंतक मंच के यशवंत कुमार द्वारा उपस्थित ठेकेदार के कर्मचारियों से बात किया गया जिस पर कर्मचारियों ने अपनी गलती मानी तथा आश्वासन देते हुए बोला कि रोलर मशीन की आवश्यकता बतायी और जल्द ही रोलर मशीन से सड़क मरम्मत कार्य किया जाएगा।

# बेजुबान गौवंश के लिए 125 पानी नाद मिलेगा निःशुल्क

**बैकुण्ठपुर।** भीषण गर्मी को देखते हुए बैकुंठपुर क्षेत्र में बेजुबान गौवंश को पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सराहनीय पहल की गई है। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी जनसहयोग से 125 सीमेंट के पानी नाद (टंकी) की व्यवस्था की गई है, ताकि सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गौवंश को पानी की समस्या से राहत मिल सके।

कार्यक्रम के दौरान सभी दानदाताओं का श्रीराम जी का गमछा पहनाकर सम्मान किया गया। आयोजकों ने बताया कि गर्मी के दिनों में जहां आम इंसान कहीं भी रूककर पानी पी सकता है, वहीं बेजुबान पशुओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि नाले और तालाब सूख जाते हैं। इस पुनीत कार्य में कुमार मेडिकल स्टोर के संचालक शशांक जिज्ञासी ने 50 नाद, आशीष डबरे 5, ज्ञानेन्द्र शुक्ला 10, विपिन मिश्रा 10, अनमोल पाल 10, रजनीश गुप्ता ने 10, सत्येंद्र सोनी ने 10, अरशद खान ने 10, प्रज्वल जायसवाल ने 5 तथा देवांशु शर्मा ने 5 नाद की व्यवस्था करवाई।



# सुरक्षित और प्राकृतिक उपचार पद्धति के प्रति बढ़ रही जागरूकता

**बैकुण्ठपुर।** प्रतिवर्ष 10 अप्रैल को विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जाता है। यह दिन होम्योपैथी के जनक डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनिमैन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

■ होम्योपैथी दिवस आज

इस वर्ष भी देशभर में होम्योपैथी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उक्त जानकारी देते हुए क्षेत्र के चिकित्क डॉ. गौरवकांत बड़ेरिया ने बताया कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति की शुरूआत 18 वीं शताब्दी में जर्मनी के डॉ. हैनिमैन ने की थी। भारत में इसका प्रवेश 19 वीं शताब्दी में ब्रिटिश काल के दौरान हुआ। देश में इसके प्रचार-प्रसार में डॉ. महेन्द्रलाल सरकार का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने वर्ष 1867 में कोलकाता में होम्योपैथी अस्पताल की स्थापना की थी। बाद में भारत सरकार ने वर्ष 1973 में होम्योपैथी केन्द्रीय परिषद अधिनियम पारित कर इस चिकित्सा पद्धति को आधिकारिक मान्यता प्रदान की। वर्तमान समय में होम्योपैथी देश की एक लोकप्रिय वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति बन चुकी है। आयुष मंत्रालय द्वारा इसके विकास और विस्तार के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में 10 एवं 11 अप्रैल को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। होम्योपैथी समान से समान का इलाज सिद्धांत पर आधारित है, इसमें रोग के लक्षण उत्पन्न करने वाले तत्वों का सूक्ष्म मात्रा में उपयोग कर उपचार किया जाता है। इस पद्धति की खासियत यह है कि इसमें दवाएं बहुत कम मात्रा में दी जाती हैं और रोगी के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए समग्र उपचार किया जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार होम्योपैथी उपचार सुरक्षित, सस्ता और दुष्प्रभाव रहित माना जाता है, जिससे यह बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए भी उपयुक्त है। खासकर पुरानी और जटिल बीमारियों में इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलते हैं।

# महिला मोर्चा ने मनाया भाजपा स्थापना दिवस, हुए विविध आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रीता यादव के नेतृत्व में यह आयोजन पूरे जिले में अत्यंत उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ।

भाजपा महिला मोर्चा द्वारा भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस पर भाजपा जिला कार्यालय में दीपोत्सव एवं रंगोली कार्यक्रम किया गया जिसमें उत्साह, समर्पण और संगठन शक्ति की अद्भुत झलक देखने को मिली। स्थापना दिवस को समर्पित कार्यक्रमों की शुरूआत 5 और 6 अप्रैल को हुई, जब जिलेभर में महिला मोर्चा की बहनों ने अपने-अपने घरों के बाहर सुंदर रंगोली सजाकर भाजपा की संस्कृति, रंग और संगठन के प्रति समर्पण का संदेश दिया। जिला कार्यालय में भी स्वयं जिला अध्यक्ष रीता यादव एवं उनकी पूरी टीम ने रंगोली बनाकर, सजावट कर स्थापना दिवस को विशेष रूप से मनाया। 6 और 7 अप्रैल को महिला मोर्चा की कार्यकर्ता विभिन्न मोहल्लों, वार्डों और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंची। कार्यकर्ताओं ने लोगों से सीधे संपर्क बनाकर स्थापना दिवस का महत्व बताया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार की महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं कल्याणकारी योजनाओं, राज्य शासन की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी पहल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महिला मोर्चा की टीम ने जिले के चयनित बूथों में घर-घर जाकर स्थापना दिवस उत्सव को जनभागीदारी के साथ मनाया। कार्यकर्ताओं ने लोगों से संवाद करते हुए भाजपा की संगठनात्मक संरचना, विचारधारा, उपलब्धियों और महिलाओं की भूमिका पर चर्चा की। जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष रीता यादव ने बताया कि संस्कृति, सेवा और संगठन इन तीन आधारों पर भाजपा आगे बढ़ती है, और महिला मोर्चा उसी शक्ति का महत्वपूर्ण स्तंभ है। महिला मोर्चा द्वारा जिलेभर में किए गए कार्यक्रमों ने संगठन के शक्ति विस्तार, महिला जागरूकता, जनसेवा अभियान को नई गति दी है। इस अवसर पर मुख्य रूप से महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीता यादव, जिला महामंत्री पुष्पलता राजवाड़े, ममता कुशवाहा, जिला मंत्री आंचल सिंह परमार, ममता साहू, संगीता कुशवाहा, आशा, सरिता, उर्मिला, किसुनती, कौशिल्या, सरस्वती, विंकी, रामबाई, मिनाक्षी, आस्था, सुलोचनी, राधेश्याम, सोमरसाय, सोनाबाई, अनुराधा, साधना, सावित्री, राज कुमारी, प्रेमवती, शिव कुमारी, शर्मिला, जगदीश कुवंर, विश्वनाथ यादव आदि मौजूद रहे।



# मनेन्द्रगढ़ की यातायात व्यवस्था पटरी से उतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिला मुख्यालय का दर्जा मिलने के बाद भी मनेन्द्रगढ़ शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने की दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहे आज भी अव्यवस्था और जाम की समस्या से जूझ रहे हैं, जिससे आम नागरिकों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

शहर के जैन मंदिर चौक, फुहारा चौक और विवेकानंद चौक जैसे व्यस्त इलाकों की स्थिति सबसे ज्यादा खराब बनी हुई है। इन स्थानों पर दिनभर वाहनों की लंबी कतारें लगती हैं, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो जाता है। सड़कें संकरी होने के साथ-साथ दोनों ओर बेतरतीब खड़े ठेले और वाहन स्थिति को और गंभीर बना रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन चौक-चौराहों पर यातायात नियंत्रण के लिए न तो पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है और न ही किसी प्रकार की स्थायी व्यवस्था बनाई गई है। परिणामस्वरूप पीक आवर्स में हालात और भी बिगड़ जाते हैं, जहां पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। खासकर जैन मंदिर चौक और फुहारा चौक पर सड़क किनारे खड़े ठेले-खोमचे यातायात में सबसे बड़ी बाधा बन रहे हैं। ठेले वालों के कारण सड़क की चौड़ाई और कम हो जाती है, जिससे वाहनों की आवाजाही बाधित होती है। कई बार इस अव्यवस्था के कारण छोटे-मोटे हादसे भी हो चुके हैं। विवेकानंद चौक की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है। यहां भी दुकानों के सामने खड़े वाहन और ठेले यातायात व्यवस्था को बिगाड़ रहे हैं। बावजूद इसके प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

सरगुजा मार्केट

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ. संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 12 अप्रैल, 2026, रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विधा डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S., M.D. (पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ. दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 12 अप्रैल 2026, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 18 अप्रैल 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 19 अप्रैल, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
• उठने बैठने में तकलीफ
• जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
• घुटनों में सूजन होना
• कंधे की ताकत कम होना
• कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
• सुबह जोड़ों में अकड़न होना
• चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल में
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### महतारी वंदन योजना अंतर्गत ई-केवाईसी अनिवार्य

**सूरजपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। विभाग ने योजना से जुड़ी सभी महिलाओं को अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी कराने के निर्देश दिए हैं। जारी सूचना के अनुसार, ई-केवाईसी प्रक्रिया 3 अप्रैल से शुरू हो चुकी है और यह 30 जून तक चलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में यह कार्य ग्राम पंचायत भवनों में जबकि शहरी क्षेत्रों में वार्ड कार्यालयों में किया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि ई-केवाईसी तभी संभव होगी जब हितग्राही का नाम योजना में दर्ज नाम और आधार कार्ड में अंकित नाम से पूरी तरह मेल खाए। यदि किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है, तो पहले संबंधित विभाग में सुधार कराना अनिवार्य होगा।

### सूरजपुर जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित बिना अनुमति नलकूप खनन पर रोक

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशानुसार आगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम की धारा 3 अंतर्गत जिला सूरजपुर के विकासखंड सूरजपुर को 1 अप्रैल से 15 जून तक जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। अधिनियम की धारा 6 अंतर्गत अब विकासखंड सूरजपुर में एसडीएम की पूर्वानुमति के बिना कोई भी नया नलकूप चाहे पेयजल हेतु हो अथवा किसी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेगा। जन सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नलकूप खनन की अनुमति के लिए एसडीएम को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। वे संबंधित क्षेत्र में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगरीय निकाय, तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार से प्रतिवेदन प्राप्त करने के उपरांत नियमानुसार बोरवेल खनन की अनुमति प्रदान करेंगे। यह व्यवस्था ग्रीष्मकाल में भूजल स्तर को संरक्षित रखने और जिले में पेयजल की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के उद्देश्य से लागू की गई है।

### 15 दिवसीय इंटर्नशिप का समापन, दिया गया प्रमाण पत्र

**अम्बिकापुर।** शासकीय राजीव गांधी पीजी कॉलेज, अम्बिकापुर के बीसीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने 15 मार्च से 30 मार्च तक आयोजित 15 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इंटर्नशिप कार्यक्रम कुमकुम फाउंडेशन रायपुर एवं गुरूद्रोणाचार्य फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया। इंटर्नशिप के सभी सत्र कॉलेज के कम्प्यूटर लैब में ऑनलाइन आयोजित किए गए, जिससे विद्यार्थियों ने डिजिटल संसाधनों का उपयोग करने की कुशलता हासिल की तथा तकनीकी उपकरणों एवं आधुनिक अनुप्रयोगों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। रोहित टांडी ने विद्यार्थियों को डिजिटल स्किल्स, फ्लायर डिजाइनिंग, लेटरहेड निर्माण, आईडी कार्ड डिजाइनिंग तथा कोरल ड्रॉ सॉफ्टवेयर के उपयोग का प्रशिक्षण दिया। समापन सत्र में कुमकुम फाउंडेशन के निदेशक अनुराग सिंह ऑनलाइन माध्यम से विद्यार्थियों को वर्तमान समय में तकनीक के महत्व एवं उपयोगिता के बारे में बताया। प्राचार्य डॉ.अनिल कुमार सिन्हा ने कहा कि इस डिजिटल युग में मुख्य तकनीकों से जुड़े रहना अत्यंत आवश्यक है। परीक्षा नियंत्रक डॉ.दीपक सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। विभागाध्यक्ष चेतन कुमार ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अनुभव श्रीवास्तव, सर्वेश पाण्डेय, डॉ.कृतिका सिन्हा, प्रिया पाण्डेय एवं निकिता देशमुख ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### साप्ताहिक बाजार में मधुमक्खियों ने किया हमला, मची भगदड़

**अंबिकापुर।** लुंड्रा के असकला साप्ताहिक बाजार में मधुमक्खियों द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना में कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। बताया जा रहा है कि असकला साप्ताहिक बाजार के समीप मौजूद पानी टंकी में मधु मक्खियों के छत्ते मौजूद है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि संभवतः किसी ने मधुमक्खियों के छत्ते को छेड़ दिया जिसके बाद अचानक ही छत्ते से निकलकर मधुमक्खियों ने लोगों पर हमला कर दिया जिसके बाद साप्ताहिक बाजार में भगदड़ की स्थिति बन गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर उधर भागने लगे। कई लोगों ने खुद को छिपाकर किसी तरह जान बचाई। इस घटना से लोगों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। इस घटना में कई ग्रामीण और दुकानदार घायल हुए है। कई लोगों ने जान बचाने के लिए मड़ई में शरण ली।

## हेल्थ प्लस

### विद्या डायग्नोस्टिक सेंटर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 12 को

**अम्बिकापुर।** नगर के दर्रीपारा में संचालित विद्या डायग्नोस्टिक एवं सुपर स्पेशलिटी सेंटर में 12 अप्रैल रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का




आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में विशेषज्ञ डॉ. संजीत जायसवाल (इंडोक्राइन विशेषज्ञ) द्वारा शुगर, थायराइड, मोटापा एवं हार्मोन संबंधित जांच की जाएगी। संचालक डॉ. विवेक कुमार केशरी (रेडियोलॉजिस्ट) ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सुबह 10 से दोपहर 4 बजे तक किया जाएगा एवं हमारे यहां सोनोग्राफी, सिटी स्कैन, एक्स-रे, कलर डॉपलर, ईसीजी, ईईजी, स्पायरोमेट्री ऑडियोमेट्री, पैथोलॉजी एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध है।

## उड़ते धूल के गुबार से स्कूली बच्चों के सेहत पर पड़ रहा विपरीत असर

# ग्राम पंचायत भंवरमाल की जर्जर सड़क से राहगीरों का आवागमन करना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

सड़क की समय पर मरम्मत और देखरेख होने से न सिर्फ सड़क की अवधि बढ़ जाती है बल्कि लोगों को भी बेहतर आवागमन की सुविधा मिलती है। लेकिन सड़क की मरम्मत व देखरेख नहीं होने से सड़क अपनी निर्धारित समय से पूर्व ही जर्जर हो जाती है। कुछ इस तरह की स्थिति ग्राम पंचायत भंवरमाल की है। सड़क की हालत ऐसी है कि अब लोगों को मार्ग से गुजरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पडता है। जर्जर उबड़ खाबड़ सड़क और उड़ते धूल के बीच से लोग आवागमन करने को मजबूर है जिससे अब मार्ग से आवागमन करने वाले छोटे बच्चों के सेहत पर भी विपरीत असर पड़ने लगा है।

**खास बात**

- बड़ी संख्या में मार्ग से लोग करते है आना जाना

रामानुजगंज से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम भवरमाला तक पहुंचना वर्तमान समय में आसान नहीं है। खराब और जर्जर सड़क के कारण यहां के लोगों को वर्षों से परेशानी झेलनी पड़ रही है, लेकिन सबसे ज्यादा असर छोटे स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है। गांव के बच्चे रोजाना पढ़ाई के लिए मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जाते हैं। महज 10 किलोमीटर की दूरी तय करने में उन्हें 40 मिनट से अधिक समय लग जाता है। रास्ता उबड़-खाबड़ होने के कारण सफर थकाऊ ही नहीं, बल्कि कई बार खतरनाक भी हो जाता है। जबकि मार्ग से हर रोज बड़ी संख्या में दो पहिया के अलावा चार पहिया और यात्री बस आवागमन करती है। जर्जर सड़क से वाहनों के आने जाने के दौरान धूल के गुबार उड़ने से राहगीरों की परेशानी और भी बढ़ जाती है और हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसा नहीं है कि क्षेत्र के लोगों ने सड़क मरम्मत कराने की मांग नहीं की है लेकिन संबंधित विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नहीं देने से सड़क की हालत दयनीय हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दिनों में सड़क पर कीचड़ होने से परेशानी होती है वहीं वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण अब सड़क से उड़ते धूल ने और भी परेशानी बढ़ा दी है। सुबह-सुबह भारी बैग लेकर निकलने वाले बच्चे रास्ते भर झटकों और धूल से जूझते हैं जिससे उनकी पढ़ाई पर भी असर पड़ता है।



जर्जर सड़क।

### ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत कराने की मांग

ग्रामीणों ने भवरमाल की जर्जर सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सिर्फ सड़क का मुद्दा नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य से जुड़ा सवाल है। अगर जल्द ही सड़क का निर्माण या मरम्मत नहीं हुई, तो यह समस्या और गंभीर हो सकती है। अब इस मुद्दे को लेकर गांव के छोटे-छोटे बच्चे भी सामने आए हैं। उनका कहना है कि हमें अच्छी सड़क दे दीजिए, ताकि हम समय पर और सुरक्षित स्कूल पहुंच सकें।

### कई बार उठ चुकी है मांग

जर्जर सड़क की मरम्मत कराने की मांग ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से की जा रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों द्वारा कई बार सड़क निर्माण की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या जस की तस बनी हुई है। ऐसे में सड़क मरम्मत नहीं होने के कारण क्षेत्र के ग्रामीण जर्जर सड़क से आवागमन करने को मजबूर है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की हालत काफी दयनीय हो गई है। दिन के समय राहगीर किसी तरह मार्ग से गुजर जाते है लेकिन शाम ढ़लते ही मार्ग से आवागमन करना काफी खतरनाक हो जाता है और हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

### दो रास्ते, दोनों ही परेशान करने वाले

रामानुजगंज से भवरमाला पहुंचने के लिए दो रास्ते है लेकिन दोनों रास्ते की हालत एक जैसी है। एक रास्ता अरागाही होकर जाता है, जो खराब सड़क के कारण समय लेने वाला है वहीं दूसरा रास्ता पुराने वन विभाग लकड़ी डिपो, कमलपुर और केरवासिला होकर जाता है, जो संकरा और कच्चा है। दोनों ही मार्गों की हालत खराब होने से ग्रामीणों के लिए रोजमर्रा का सफर चुनौती बना हुआ है।



## ओबीसी कोल इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन ने की नई नियुक्ति की अनुशंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

ओबीसी कोल इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन की वार्षिक सम्मेलन में एसईसीएल में संचालित आउटसोर्सिंग कंपनी एवं ठेका श्रमिकों के हित में पहल की गई है। एसोसिएशन ने बड़सरा निवासी रमाशंकर यादव को प्रभारी नियुक्त किए जाने हेतु एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर को पत्र प्रेषित किया है।

जारी पत्र के अनुसार, एसोसिएशन ने प्रबंधन से अनुरोध किया है कि श्री यादव को आउटसोर्सिंग कंपनी एवं ठेका श्रमिकों का प्रभारी नियुक्त किया जाए, ताकि उनके नेतृत्व में कार्यरत कर्मचारियों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए प्रभावी कार्य किए जा सकें। एसोसिएशन का मानना है कि रमाशंकर यादव के अनुभव और कार्यशैली से ओबीसी कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान में मदद मिलेगी। साथ ही कर्मचारियों के हितों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए सकारात्मक कदम उठाए जा सकेंगे। पत्र में प्रबंधन से यह भी कहा गया है कि इस संबंध में श्री यादव के साथ बैठक कर ओबीसी कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाए। एसोसिएशन ने विश्वास जताया है कि प्रबंधन द्वारा पूर्व की भांति सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में पत्र की प्रतिलिपि संबंधित अधिकारियों को भी प्रेषित की गई है।



## जिपं सदस्य लोकेश ने संयुक्त संवेदना योजना को बताया प्रेरणादायी पहल

**ओड़गी।** सामाजिक सरोकारों से जुड़ी पहल संयुक्त संवेदना योजना को एक बार फिर जनप्रतिनिधियों का समर्थन मिला है। जिला पंचायत सदस्य लोकेश पैकरा ने इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए समिति को आर्थिक सहयोग प्रदान किया और शिक्षकों द्वारा शिक्षकों के हित में किए जा रहे इस कार्य को सराहनीय बताया।

जिपं सदस्य लोकेश पैकरा ने कहा कि इस प्रकार की योजनाएं समाज में आपसी सहयोग और संवेदनशीलता को मजबूत तथा जरूरतमंद परिवारों के लिए संबल का कार्य करती हैं। विकासखंड ओड़गी के प्रभारी राजेश कुमार दुबे ने बताया कि इस पहल की शुरुआत वर्ष 2020-21 में छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी के नेतृत्व में की गई थी। समय के साथ यह प्रयास एक मजबूत नेटवर्क में परिवर्तित हो चुका है, जिसमें अब हजारों शिक्षक जुड़कर एक-दूसरे के सहयोग के लिए तत्पर हैं। योजना के अंतर्गत सदस्य बनने वाले शिक्षक प्रतिवर्ष एक निर्धारित राशि जमा करते हैं, जिससे किसी सदस्य के आकस्मिक निधन की स्थिति में उसके परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

अब तक अनेक परिवारों को इस योजना से राहत मिल चुकी है, जो इसकी उपयोगिता और विश्वसनीयता को दर्शाता है।

## चेक डेम निर्माण के बाद किसानों के लिए सिंचाई व खेती में हुई आसानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

ग्राम पंचायत परसागुडी के दादरनाला में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत 19 लाख रूपए की लागत से निर्मित चेक डेम किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रहा है।

इस चेक डेम के बनने से आसपास के लगभग 65 किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो रहा है, जिससे उन्हें खेती-किसानी में काफी सहूलियत मिल रही है। साथ ही यह जल संरक्षण और जल संवर्धन की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



चेक डेम में संचित पानी का उपयोग किसान गर्मी के मौसम में भी फसलों की सिंचाई के लिए कर रहे हैं। इसके अलावा ग्रामीण इस पानी का उपयोग पशुओं को पिलाने और घरेलू जरूरतों के लिए भी कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 20 वर्ष पहले भी यहां एक चेक डेम बनाया गया था, जो जर्जर होकर टूट गया था। मरम्मत के अभाव में किसानों को लंबे समय तक पानी की समस्या का सामना करना पड़ा और खेती प्रभावित हुई। इस वर्ष नए चेक डेम के निर्माण से स्थिति में सुधार हुआ है और किसानों को दोबारा लाभ मिलने लगा है। किसानों ने मांग की है कि यदि इस चेक डेम का गहरीकरण कर दिया जाए तो अधिक मात्रा में पानी संग्रहित किया जा सकेगा और वर्षभर सिंचाई की सुविधा मिल सकेगी। ग्रामीणों ने यह भी सुझाव दिया कि दादरनाला का क्षेत्रफल काफी लंबा है और पर्याप्त जगह उपलब्ध है, इसलिए पानी तक पहुंचने के लिए सीढ़ियों का निर्माण कराया जाए, जिससे लोगों को सुविधा मिले।

### गिरने से गंभीर महिला की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** पानी लेकर आ रही महिला अचानक रास्ते में गिर गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भैयाथान अंतर्गत कुदरगढ़ निवासी फूल कुंवर पति सूले राम (43 वर्ष) मंगलवार की दोपहर घर से कुछ दूर स्थित ढोढ़ी में पानी लेने गई थी। पानी लेकर वापस लौटने लगी तभी रास्ते में गिर गई जिससे घायल हो गई। परिजन महिला को चंद्रमेढ़ा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## अभिभावकों की शिकायतों पर डीईओ ने ली पुस्तक विक्रेताओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अशासकीय स्कूलों द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार कक्षावार पुस्तकों एवं कॉपियों का दबावपूर्वक बंडल बेचने की शिकायत पर बुधवार को डीईओ ने अपने कार्यालय में पुस्तक विक्रेताओं की बैठक ली। बैठक में डीईओ ने विक्रेताओं से पुस्तकों की जानकारी ली तथा अभिभावकों की इच्छानुसार पुस्तकें उपलब्ध कराने निर्देशित किया तथा भविष्य में इस संबंध में शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

बैठक में डीईओ डॉ.दिनेश झा ने कहा कि विक्रेता तत्काल बंडल बनाकर पुस्तकें बेचना बंद करें तथा मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए अभिभावक पर



पुस्तक-कॉपी एक साथ खरीदने का दबाव न डालें। विभाग द्वारा अभिभावकों की शिकायतों की जांच के लिए जिला स्तरीय टीम का गठन किया गया है। भविष्य में शिकायत की पुष्टि होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुस्तक विक्रेताओं ने बताया कि वे कक्षा 6वीं से 12वीं तक एनसीईआरटी की पुस्तकें बेच रहे हैं। सभी स्कूलों की पुस्तकें एक दुकान में रखना संभव नहीं होने के कारण आपसी समझ से पुस्तकें रखी गई हैं तथा अब तक 80 फीसदी पुस्तके बेची जा चुकी है। व्यवसाइयों ने सुझाव दिया कि जनवरी महीने तक सभी निजी स्कूलों की पुस्तकों की सूची समीक्षा उपरांत उपलब्ध कराया जाए ताकि किसी को भी असुविधा न हो। डीईओ ने पुस्तक विक्रेताओं को अपनी दुकान के बाहर किताबों का पूरा सेट एवं कॉपियां लेना अनिवार्य नहीं है तथा बंडल में किताबें नहीं बेची जाती संबंधी सूचना लगाने निर्देशित किया।

## युवा कांग्रेस ने कर दिया आजाद की प्रतिमा का अनावरण, मचा बवाल

### गंगाजल से भाजपा ने किया शुद्ध, सीएम ने विधि विधान से किया अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सीएम से पहले शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा का अनावरण किए जाने की घटना से नया सियासी बवाल खडा हो गया है। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने शहीद चन्द्रशेखर आजाद की उपेक्षा और अपमान का आरोप लगाकर प्रतिमा का अनावरण कर दिया। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने फिर से प्रतिमा स्थल को गंगाजल से धोकर पवित्र किया और उसके बाद सीएम ने विधिवत तरीके से प्रतिमा का अनावरण किया। इस घटना के बाद ननि प्रशासन भी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

बता दें कि शहर में शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा वर्ष 2013 से बनकर तैयार है लेकिन चौक व अन्य विवादों के कारण प्रतिमा स्थापित नहीं हो पाई। अंततः 13 वर्षों बाद विवाद समाप्त होने के बाद आकाशवाणी चौक के समीप ही प्रतिमा को स्थापित करने की योजना बनाई गई थी और प्रतिमा स्थापित करने के बाद ही अन्य निर्माण कार्य नगर निगम द्वारा किए गए थे। 9 अप्रैल को सीएम द्वारा प्रतिमा का अनावरण किया जाना। शहर में लोनिवि



ऑफिस के समीप भाजपा नेता रवि शंकर त्रिपाठी और आकाशवाणी चौक पर चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा का अनावरण सीएम को करना था लेकिन देर रात युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष विकल झा और अन्य कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा का अनावरण कर दिया। युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष विकल झा ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता की प्रतिमा पर बड़ी सज सज्जा और चन्द्र शेखर आजाद की प्रतिमा पर सामान्य सजावट व व्यवस्था करना उनका अपमान है। विकल ने वीडियो जारी कर ये कहा कि गोडसे की विचारधारा वाले लोगो से मै ये उम्मीद भी नही करता हूं की वो किसी शहीद का सम्मान करेंगे इसलिए मै इनकी प्रतिमा का स्वयं अनावरण कर रहा हूँ। इस घटना के बाद हडकंप मच गया। घटना की सूचना के बाद नगर निगम के कमिश्नर व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रतिमा को फिर से ढंका गया। इसके साथ ही भाजपा नेता रोचक गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने चन्द्र शेखर आजाद की प्रतिमा को गंगा जल से शुद्ध किया और इसके बाद मुख्य मंत्री ने दोबारा इस प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा।

### की जाएगी कार्रवाई

चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा 13 से बनी हुई है लेकिन विवाद के कारण स्थापित नहीं हो पाया था। अब भव्यता के साथ प्रतिमा को स्थापित किया जाना ता। इस तरह की रात के अंधेरे में किया गया कृत्य गलत है और शहीद चंद्रशेखर आजाद का अपमान है। वहीं निगम के कार्य में बाधा डालने का काम भी किया गया। इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

-डीएन कश्यप, आयुक्त ननि

## महुवापारा–देवीपुर मार्ग जोगी नाला पर 3.18 करोड़ की लागत से होगा पुल सड़क निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

नगर के वार्ड क्रमांक 15 महुवापारा–देवीपुर मार्ग पर जोगी नाला में लंबे समय से लंबित पुलिया और सड़क निर्माण की मांग अब पूरी होने जा रही है। लगभग 3 करोड़ 18 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस पुल एवं सड़क निर्माण कार्य से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी, विशेष कर बरसात के दिनों में होने वाली समस्याओं से स्थायी राहत मिलेगी।

- भाजपा नेता गांव चलो-बस्ती चलो अभियान के तहत 7 से 13 तक देंगे घर-घर दस्तक

इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी मंडल शहर द्वारा आज गांव चलो-बस्ती चलो अभियान की शुरुआत वार्ड क्रमांक 15 महुआपारा से की गई। अभियान का नेतृत्व विधायक भूलन सिंह मरावी ने किया। इस



दौरान कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से संपर्क कर उनकी स्थिति और संतुष्टि का फीडबैक लिया। अभियान दल ने वार्ड क्रमांक 17 एवं 18 में भी पहुंचकर जनसंपर्क किया और योजनाओं की जमीनी हकीकत जानी। लोगों में योजनाओं के प्रति संतोष और उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत विधि विधान से पूजा-अर्चना कर की गई। कार्यक्रम का संचालन राजू देवांगन ने किया। विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि जोगी नाला पुल और सड़क निर्माण से क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। हमने जो वादा किया था उसे पूरा करने का काम कर रहे हैं। अजय अग्रवाल ने कहा कि यह मार्ग और पुलिया वर्षों से लोगों की प्रमुख मांग थी निर्माण कार्य से आवागमन आसान और सुरक्षित होगा शशिकांत गर्ग ने कहा यह कार्य क्षेत्र के समग्र विकास का प्रतीक है। सरकारी योजनाएं तेजी से जमीनी स्तर पर लागू हो रही हैं। अरविंद मिश्रा ने कहा पुल और सड़क बनने से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी नगर के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। भूमिपूजन कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष कुसुमलता राजवाड़े, राजेश महलवाला, थलेश्वर साहू, शैलेश अग्रवाल, राजू देवांगन, देवन्ती साहू, संदीप अग्रवाल, शिवशंकर साहू, किशन देवांगन, प्यारे साहू, ललन सोनवानी, अजय सिंह, बजरंग, दिलीप साहू, पिंकी साहू, ज्योति देवांगन, संदीप, सत्यनारायण गुप्ता सहित पार्षद एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

## युवा मोर्चा मंडल रामानुजगंज की बैठक

**रामानुजगंज।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल रामानुजगंज की प्रथम परिचयात्मक मंडल स्तरीय बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा मंडल अध्यक्ष सीताराम गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया, वहीं बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अर्पित जायसवाल ने की। बैठक के दौरान युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का परिचय प्राप्त किया गया तथा संगठन की आगामी रणनीति, कार्यक्रमों एवं जिम्मेदारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं प्रभावी बनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए आगामी कार्यों को पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं ऊर्जा के साथ निभाने का विश्वास दिलाया। इस दौरान श्रीमती शर्मिला गुप्ता, अरुण केशरी, सीताराम गुप्ता, श्रीमती शीला जायसवाल, श्रीमती उषा गुप्ता, नंदकिशोर गुप्ता, डॉ. राकेश गुप्ता, विकास गुप्ता, सुमित गुप्ता, धर्म प्रकाश केशरी, वासुदेव राय, कृष्णा गुप्ता, मोहन गुप्ता, रामेश्वर गुप्ता सहित युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद स्व. अरुण नागवंशी की आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का संचालन विक्रम गुप्ता एवं आभार आकाश तिवारी द्वारा किया गया।



## खबर संक्षेप

### सर्व नवीन सोनार समाज की शोभा यात्रा आज

**राजपुर।** सर्व नवीन सोनार समाज द्वारा 10 अप्रैल को प्रस्तावित शोभायात्रा के लिए समाज के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजपुर को ज्ञापन सौपकर अनुमति प्रदान करने हेतु मांग किया गया है। समाज के अध्यक्ष सुरेश सोनी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शोभायात्रा सुबह 9 बजे हाई स्कूल ग्राउंड महुआपारा के पास स्थित सोनार समाज भवन से प्रारंभ होगी। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए हरीतिमा परिसर तक पहुंचेगी, जहां सभा आयोजित कर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। शोभायात्रा हरीतिमा परिसर में सर्व सोनार समाज राजपुर द्वारा विशेष कार्यक्रम में समाज के सरगुजा संभाग के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल होंगे।

### पेंशनरों को 3 फीसदी महंगाई भत्ता सरकार का राहत भरा कदम

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अनंत सिंह ने प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के पेंशनरों को लंबित 3 फीसदी महंगाई राहत भत्ता दिए जाने को राहत भरा कदम बताया है। संघ ने 6 महीने विलम्ब से राहत भत्ता देने पर पेंशनरों को अनदेखी किए जाने का आरोप लगाया है संघ ने सरकार से लंबित एरियर्स की राशि का सरकार बचत पत्र किसान विकास पत्र जारी करने अथवा पेंशनरों के बचत खाते में जमा करने का अनुरोध किया है। इस संबंध में संघ 12 अप्रैल को बैठक करने का निर्णय लिया है।

### युंकाइयों ने किया है क्रांतिकारी का अपमान

**अम्बिकापुर।** भाजपा नेता संतोष दास ने बुधवार की मध्यरात्रि चोरी छिपे युवक कांग्रेस के लोगों द्वारा महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की ढकी



प्रतिमा को बेपर्दा करने को क्रांतिकारी का अपमान निरूपित किया है तथा घटना की भर्त्सना की है। उन्होंने घटना में शामिल युवक कांग्रेसियों पर तत्काल स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अपमान व शासकीय कार्य में बाधा सहित अन्य गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

### आमगांव सब एरिया मैनेजर पर हमला मामले में आठ कोल कामगार किए गए निलंबित

**बिश्रामपुर।** आमगांव खदान परिसर में मंगलवार 7 अप्रैल को सब एरिया मैनेजर पर हुए जानलेवा हमले के मामले ने तूल पकड़ लिया है। कोल माइंस ऑफिसर्स एसोसिएशन ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, एसईसीएल प्रबंधन ने खदान संचालन में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में पटना सरपंच विमला सिंह के पति धर्मचंद्र सिंह मरावी समेत परिवार के 8 सदस्यों को आरोप पत्र थमाते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। आमगांव खदान में भूमि के बदले नौकरी पाए पटना सरपंच विमला सिंह के परिवार के 8 सदस्यों को प्रबंधन ने निलंबित किया है। इनमें बैकुंठपुर क्षेत्र में पदस्थ धर्मचंद्र सिंह मरावी (सरपंच पति), खेलावन सिंह मरावी, मानिक चंद्र सिंह, प्रियांशु सिंह मरावी तथा बिश्रामपुर क्षेत्र में कार्यरत किस्मतिया, विफैया, सोनकेल और चंदा सिंह शामिल हैं। प्रबंधन ने इन सभी को खदान संचालन में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में आरोप पत्र जारी करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### लखनपुर क्षेत्र के खुली खदानों में बेखौफ होकर की जा रही कोयला चोरी

# कोयला खदान में चोरी करने गया था युवक, दलदल में फंसकर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लखनपुर केतकी खदान से कोयला चोरी करने गए युवक की मौत हो गई। युवक कोयला की बोरी लेकर निकला था इस दौरान पैर फिसलने से बोरी समेत दलदल में फंस गया और बेहोश हो गया। आनन-फानन में युवक को उपचार के लिए मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही मामले की जांच चल रही है। बड़ी बात यह है कि लखनपुर क्षेत्र के खुली खदान में कोयला तस्करों द्वारा बेखौफ होकर कोयला की चोरी की जाती है और इन कोयला चोरों के सामने प्रबंधन पूरी तरह से बेबस है।

**खास बात**

- घटना के बाद हडकंप, जांच में जुटी पुलिस

बताया जा रहा है कि उदयपुर क्षेत्र के ग्राम देवगढ़ निवासी 35 वर्षी मनोज कुमार आ. शिव राम 8 अप्रैल की सुबह 9 बजे बाइक से केतकी खदान कोयला लेने गया हुआ था। युवक खुले खदान से कोयला निकालकर वापस लौटने वाला था लेकिन इस बीच सुबह 11 बजे रिश्ते के भतीजा राजेश कुमार ने फोनकर परिजन को सूचना दी कि मनोज कुमार खदान से कोयला निकालने के बाद बोरी में भरकर कंधे में लादकर वापस लौट रहा था। इस दौरान पैर फिसलने से वह दलदली नाला में गिर गया। साथ में भारी बोरी होने के कारण वह दलदल में फंस गया। काफी मशक्कत के बाद भी युवक बाहर नहीं निकल पाया और बेहोश हो गया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजन द्वारा किसी तरह उसे बाहर निकाला गया। परिजन बेहोशी की हालत में युवक को निजी वाहन से अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।



खदान से रात के अंधेरे में कोयला निकालते चोर।

#### बेखौफ होकर कर रहे चोरी

बड़ी बात यह है कि लखनपुर क्षेत्र में संचालित ओपन कास्ट माइंस में कोयला चोरों का आतंक चरम पर है। चोर बेखौफ होकर चोरी की वारदार को अंजाम दे रहे है। हाल ही में क्षेत्र के अमेरा ओपन कास्ट माइंस का वीडियो प्रबंधन और सुरक्षा कर्मियों ने वायरल किया था। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि ग्रामीण बेखौफ होकर खदान परिसर में घुसकर कोयला की चोरी कर रहे है। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे चोर बोरियों में कोयला भरने के बाद उसे रात के समय ही एक स्थान पर एकत्रित करते है और फिर कोयले की बिक्री की जाती है। इस अवैध कारोबार को लेकर पूर्व में भी प्रबंधन की शिकायत के बाद कार्रवाई की जा चुकी है लेकिन अब तक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। कोयला चोरों के सामने प्रबंधन भी कमजोर है क्यों कि ये चोर सैकड़ों की संख्या में आते है।



## श्याम संकीर्तन महोत्सव का शुभारंभ ध्वज यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

श्याम लाडला परिवार के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय श्याम संकीर्तन महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार को भव्य श्री श्याम ध्वजा यात्रा के साथ हुआ। ध्वजा यात्रा राम मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से निकली, जिसमें श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

धार्मिक उत्साह और भक्ति भाव से ओतप्रोत इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं युवा शामिल हुए। यात्रा के दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। आयोजन को लेकर श्री श्याम लाडला परिवार द्वारा पिछले एक माह से व्यापक तैयारियां की जा रही थीं। महोत्सव स्थल गांधी मैदान को आकर्षक एवं भव्य रूप से सजाया गया है, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। महोत्सव अंतर्गत 10 अप्रैल की संध्या 6 बजे से भजन गायक मोनू दोहा एवं कृष्णा शर्मा द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। दो दिवसीय इस धार्मिक आयोजन को लेकर नगर में विशेष उत्साह का माहौल है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर भक्ति रस का आनंद ले रहे हैं।

# मेमू ट्रेनों के निर्धारित समय में हो रही देरी से यात्रियों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर


अंबिकापुर-अनूपपुर और शहडोल-अंबिकापुर के बीच चलने वाली मेमू ट्रेनों की लगातार लेटलतीफी से यात्री भारी परेशानी झेल रहे हैं। सिंगल लाइन होने के कारण रेल प्रबंधन द्वारा मालगाड़ियों को प्राथमिकता दिए जाने से यात्री ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो रहा है।

जानकारी के अनुसार शहडोल-अंबिकापुर मेमू (ट्रेन संख्या 68749) और अंबिकापुर–अनूपपुर मेमू (ट्रेन संख्या 68758) लंबे समय से निर्धारित समय से काफी विलंब से चल रही हैं। यात्रियों का कहना है कि इन ट्रेनों का एक से दो घंटे लेट होना अब आम बात हो गई है।शहडोल अंबिकापुर मेमू का अंबिकापुर आगमन का समय अपराह्न पांच पैंतीस बजे है जबकि अंबिकापुर अनूपपुर मेमू ट्रेन का छूटने का समय सायं छह बजे है।यात्रियों के मुताबिक ये मेमू रोजाना घंटों विलम्ब से चल रही है। मेमू ट्रेनों की देरी के कारण यात्री अनूपपुर समय पर नहीं पहुंच पाते, जिससे उनकी अमरकंटक एक्सप्रेस, सारनाथ एक्सप्रेस और रीवा जाने वाली ट्रेनों से कनेक्टिविटी छूट जाती है। इससे यात्रियों को अतिरिक्त आर्थिक और मानसिक परेशानी उठानी पड़ रही है। लगातार देरी से लोगों का भरोसा इन ट्रेनों से उठता जा रहा है। कई यात्री अब निजी वाहन बुक कर अनूपपुर पहुंचने को मजबूर हैं, ताकि वे आगे की यात्रा समय पर पूरी कर सकें। रेल मंत्रालय जहां एक ओर रेलवे के आधुनिकीकरण और सुधार के दावे कर रहा है, वहीं दूसरी ओर ट्रेनों की समयबद्धता में सुधार नहीं होने से यात्रियों में नाराजगी बढ़ रही है।

यात्रियों का कहना है कि यदि मेमू ट्रेनें समय पर नहीं चलाई जा सकतीं तो इनके संचालन पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। क्षेत्रवासियों ने रेल प्रबंधन से इस समस्या पर शीघ्र ध्यान देते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की है।

### आल इंडिया ओपन फिडे रेटेड चेस टूर्नामेंट आज से

**अंबिकापुर।** ऑल इंडिया ओपन फिडे रेटेड चेस टूर्नामेंट का शुभारंभ 10 अप्रैल को प्रतियोगिता में विभिन्न 10 राज्यों के लगभग 300 खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता 8 चक्रों में 90+30 सेकंड टाइम कंट्रोल के साथ खेली जाएगी। टूर्नामेंट में गुजरात के इंटरनेशनल मास्टर राहुल संगमा, महाराष्ट्र के इंद्रजीत महिंद्राकर, रेलवे के विनोद शर्मा तथा छत्तीसगढ़ के मोबिन फारुकी व कामद मिश्रा सहित अन्य प्रमुख खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता का संचालन अंतरराष्ट्रीय आर्बिटर अनीस अंसारी सहित 14 सीनियर नेशनल आर्बिटर्स करेंगे। टूर्नामेंट में 2 लाख रुपये के नकद पुरस्कार, ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए जाएंगे।



## मां समलेश्वरी मंदिर प्रांगण में श्री श्याम कीर्तन में पूरी रात झूमते रहे भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

धार्मिक एवं सांस्कृतिक माहौल को श्री श्याम भजनों की अमृत वर्षा से भक्तिमय बना दिया। स्थानीय मां समलेश्वरी मंदिर प्रांगण में भव्य भजन संध्या एवं कीर्तन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम लखदातार परिवार द्वारा किया गया, जिसमें अंकुर अग्रवाल, सुमित गुप्ता, शुभम मित्तल, अंकित तायल, अमन गर्ग एवं आकाश मित्तल सक्रिय रहे। आयोजन में भव्य दरबार एवं पूजा के साथ-साथ भजन-कीर्तन, श्याम रसोई, 56 भोग अर्पण, सवा मणि प्रसाद एवं इत्र वर्षा जैसे विशेष धार्मिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहें। श्रद्धालुओं के लिए भक्ति और प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई है। भजन संध्या में विभिन्न स्थानों से आए कलाकार भजन गायक रापटगंज से संजीव शर्मा, कोलकाता से निहाल ठाकरान तथा शक्ति से वहीं संगीत की जिम्मेदारी प्रताप म्यूजिशियन ग्रुप कोलकाता ने की। इसके अलावा रायपुर के कलाकारों द्वारा बाबा का भव्य दरबार सजाया। जो श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। क्षेत्र में भारी बारिश होने के बाद भी भक्तों का हुजूम उमड़ा। स्कूल प्रांगण में यह धार्मिक आयोजन होना था लेकिन भारी वर्षा क्षेत्र में होने के कारण स्थान को परिवर्तित करते हुए मां समलेश्वरी मंदिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान बृहत भंडारे का भी आयोजन किया गया था जिसमें श्रद्धालु एवं भक्त बढ़-चढ़कर भंडारे में भी शामिल हुए। इस दौरान राजेश गुप्ता, पुजारी मुन्ना महाराज, राजेंद्र गुप्ता, अंकुर बंसल, अमित सिंघल, समलेश गुप्ता, सुमित सोनी, विकास गुप्ता, शिबू सिंह, लक्ष्मी गुप्ता, प्रकाश गोयल, किशोरी लालगर्ग, मुकेश मित्तल, मनीष सिंघल, शुभम कश्यप, संजीत जायसवाल, समर कश्यप, राहुल तिवारी सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे।

# भगवान झूलेलाल मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह 19 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भगवान झुलेलाल मंदिर की जिले में धूम धाम से प्राण प्रतिष्ठा आयोजित की जाएगी। इस दौरान समाज के लोगों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बता दें कि सिंधी समाज द्वारा सिंधी कॉलोनी में भव्य सिंधु भवन का निर्माण किया गया है। उक्त भवन में भगवान झुलेलाल मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा एवं मूर्ति की स्थापना की जाएगी। इस अवसर पर 19 से 23 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम होंगे।

इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सिंधु अमरधाम आश्रम के प्रमुख साईं लालदास चकरभाटा वाले शामिल होंगे व ईष्ट देव झूलेलाल साईं की भव्य प्रतिमा स्थापित करेंगे। इसके साथ ही मुख्य यजमान समाज के अध्यक्ष अशोक नगवानी होंगे। कार्यक्रम के तहत 19 अप्रैल सुबह 7 बजे दुर्गा मंदिर गांधी चौक से भगवान झूलेलाल साईं की प्रतिमा और कलश की शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली जाएगी जो सिंधी कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर परिसर पहुंचेगी। 19 अप्रैल को सुबह 10 बजे से 23 अप्रैल शाम 4 बजे तक सवा लाख मंत्र जाप 5 ब्राह्मणों द्वारा किया जाएगा तत्पश्चात शुभ मुहूर्त में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। 23 अप्रेल शाम को 7 बजे से अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रमों की कड़ी में 21 अप्रैल को सिंधी भवन में सुबह 10 से 2 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर एवं मेडिकल कैम्प लगाया जाएगा जिसमे निःशुल्क ब्लड प्रेशर , ब्लड सुगर, ईसीजी तथा अन्य जांच की सुविधा का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन शाम को 6 बजे से मंडली द्वारा सुंदरकांड का आयोजन किया गया है। समाज के अध्यक्ष अशोक नगवानी ने समाज के सभी सदस्यों से कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है।



# दो वर्ष पूर्व टूट चुके बेलसोता नाला पुल के नए सिरे से निर्माण कराने की मांग, अब तक ग्रामीणों को नहीं मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सूरजपुर जिले के ग्राम कैलाशपुर और राजापुर के बीच बहने वाली घुनघुट्टा नदी के बेलसोता नाला पर बने पुल के दो वर्ष पूर्व टूट जाने से आधा दर्जन गावों के लोग शहर की मुख्यधारा से दूर हो चुके हैं, तब से ग्रामीणों को आवाजाही करने के लिए कई किलोमीटर दुरी तय कर घूम कर नगर व शहर की तरफ जाना पड़ रहा है जिसमें काफ़ी मशक्क़त करनी पड़ रही है।

- सूरजपुर कांग्रेस जिला पद अधिकारियों ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन
- बरसात के मौसम में पुल टूट जाने से आधा दर्जन गाँवो के लोग शहर की मुख्यधारा से कट चुके हैं

गौरतलब है कि करीब 22 साल पहले वर्ष 2003 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीणों की जिंदगी को आसान बनाने इस पुल का निर्माण किया गया था,यह पुल आसपास के दर्जनों गांवों के लिए विकास की जीवनरेखा थी, लेकिन 23 जुलाई 2025 को हुई मूसलाधार बारिश ने इस जीवनरेखा को तोड़ दिया, पुल के टूटते ही गांवों का शहर से संपर्क की दुरी और ज्यादा बढ़ गई, आज हालत यह है कि गर्मी के दिनों में जब घुनघुटा नदी सूख जाती है, तब ग्रामीण किसी तरह अस्थायी रास्ते बनाकर आवागमन कर ले रहे हैं, लेकिन जैसे ही बारिश का मौसम दस्तक देगा, पानी का तेज बहाव इन रास्तों को पूरी तरह से बंद कर देता है। जिससे करीब एक दर्जन गांव पूरी तरह टापू में तब्दील हो जाते हैं। इस पुल के टूटने का सबसे दर्दनाक असर स्कूली बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। कैलाशपुर हाई स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राएं बारिश के दिनों में अपने घरों में कैद हो जाते हैं,कई बच्चे तो मजबूरी में पढ़ाई छोड़ने की कगार पर पहुंच गए हैं। इसके अलावा आपातकालीन स्थिति में मरीजों को अस्पताल पहुंचाना भी किसी युद्ध से कम नहीं है, बेलसोता नाला पुल के टूटने से शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी से दर्जन भर से अधिक गांवों के लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि सिंह की उपस्थिति में जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा को ज्ञापन सौंपकर उक्त स्थल पर नए पुल निर्माण कराए जाने की मांग की गई है,साथ ही 15 दिवस में कोई पहल नहीं किए जाने पर ग्रामीणों द्वारा एनएच 43 पर ग्राम तेलईकछार केनापारा में उग्र आंदोलन की बात कही गई है।

इस दौरान किसान कांग्रेस के विमलेश दत्त तिवारी, संजय डोसी, वेद प्रकाश मिश्र, लिली राजवाड़े, जरीना सुल्ताना, निर्मल साहू, राजापुर सरपंच अमर सिंह, तेलईकछार सरपंच अहिल्या देवी, राजापुर उपसरपंच नेत लाल राजवाड़े, मोहर लाल राजवाड़े, मोहनीश प्रकाश सिंह,गोपी राम राजवाड़े, महेश राम राजवाड़े, प्रदीप राजवाड़े, उमेश कुमार व अन्य उपस्थित थे।



ज्ञापन सौंपते कांग्रेस नेता।

## कलेक्टर ने दूरस्थ गांवों का निरीक्षण कर विकास कार्यों का लिया जायजा

**बिहारपुर।** कलेक्टर एस.जयवर्धन ने गुरूवार को विकासखण्ड ओड़गी के दूरस्थ क्षेत्रों का निरीक्षण कर विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान जिपं सीईओ विजेन्द्र पाटले, एसडीए भैयाथान श्रीमती चांदनी कंवर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण की शुरूआत ग्राम पंचायत धरसेढ़ी से हुई, जहां जिला खनिज न्यास मद से स्वीकृत पुलिस निर्माण का कलेक्टर ने अवलोकन किया तथा अधिकारियों को निर्माण की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा कर निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने ग्राम पंचायत भवन एवं बालिका छात्रावास का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण दल ग्राम पंचायत कालामंजन पहुंचा जहां मनरेगा अंतर्गत निर्मित कंटूर ट्रेंच एवं गैबियन संरचनाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने विकासखण्ड मुख्यालय ओड़गी में 100 बिस्तरीय बालिका छात्रावास एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया तथा छात्राओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं, आवासीय व्यवस्था, स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के अंतिम चरण में दल दूरस्थ ग्राम पंचायत महुली स्थित गढ़वतिया देवी धाम पहुंचा तथा मुख्यमंत्री की घोषणा अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों ने कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।



### अवैध वनोपज परिवहन के दौरान जब्त ट्रैक्टर राज सात

**अम्बिकापुर।** गुरू घासीदास टाइगर रिजर्व अंतर्गत वन परिक्षेत्र रिहन्द के वन अधिकारियों द्वारा वनोपज के अवैध परिवहन में जब्त आयशर ट्रैक्टर को रिजर्व के सहायक संचालक ने राजसात करने की कार्रवाई की है। वन अमले ने 9 फरवरी 2025 को वनोपज का अवैध परिवहन करते जब्त किया था। ट्रैक्टर से 80 बोरी में 1920 क्विंटल लोघ छाल का परिवहन किया जा रहा था। साक्ष्यों का परीक्षण एवं आरोपियों के प्रतिपरीक्षण में ट्रैक्टर स्वामी पूनम चंद गोयल आ.महावीर अग्रवाल द्वारा चालक धनसाय के माध्यम से अवैध वनोपज परिवहन करने का अपराध साबित होने पर प्राधिकृत अधिकारी एवं सहायक संचालक एसबी पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ विनिर्देष्ट वनोपज अधिनियम 1969 के तहत अवैध परिवहन के मामले में जब्त ट्रैक्टर को राजसात करने की कार्रवाई की है।




हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

